आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 28.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – साल 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा, खेलों और वैज्ञानिक नवाचार के क्षेत्र में उपलब्धियों का वर्ष रहां
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा –ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीकं
- अरावली पर्वतमाला मामले को लेकर उच्चतम न्यायालय में कल सुनवाई होगीं
- प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ़ां
- सिरोही जिले के माउंटआबू में कल से शरद महोत्सव की शुरूआत होगीं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी हैं आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिएं श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गयां

..........................

श्री मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा कीं उन्होंने कहा कि हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ लोगों ने अपने संदेश और सुझावों साझा किया, जो सराहनीय हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहां श्री मोदी ने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीट्स की भी प्रंशसा कीं

....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने अनेक उपलब्धि हासिल कीं श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ ने पूरी दुनिया को चकित कर दियां प्रधानमंत्री ने देश की युवा शक्ति का जिक्र करते हुए बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगां

....................

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार हैं
श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगां उन्होंने सभी को वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं
प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह नजर आयां जयपुर में अपने आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुनां श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात

कार्यक्रम के माध्यम से देश की प्रगति का सफर हमसे साझा करते हैं यह कार्यक्रम देश की उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता हैं इस दौरान विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहें पाली, भीलवाड़ा सहित अन्य जिलों में भी मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक सुनां

000

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत को बदलने के लिए परमाणु ऊर्जा का सतत दोहन और विकास–शांति विधेयक को नरेंद्र मोदी सरकार के सबसे बड़े विज्ञान सुधारों में से एक बताया हैं आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता लगभग 4 दशमलव 4 गीगावाट से बढ़कर आज लगभग 8 दशमलव 7 गीगावाट हो गई हैं उन्होंने कहा कि शांति विधेयक भारत के परमाणु क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार हैं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों की परिभाषा में हाल ही में हुए बदलाव से उत्पन्न चिंताओं पर स्वतः संज्ञान लिया हैं मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की अवकाशकालीन पीठ कल इस मामले पर सुनवाई करेगीं सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप अरावली पहाड़ियों की पुनर्परिभाषा को लेकर हुए जनविरोध के बाद आया हैं इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अरावली पर्वतमाला राजस्थान की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसके स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगीं मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण खान और पुलिस की संयुक्त टीमें बनाकर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं वहीं भीलवाडा और पाली सहित कई स्थानों पर इस मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से जनजागरण रैली रखी गई हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम के विचार से ही विश्व गुरू बनेगां उन्होंने आज कोटा में एक सामाजिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ये बात कहीं उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को अधिक शिक्षित और मजबूत बने इस तरह के प्रयास होने चाहिएं आज भारत के युवा विश्व के हर क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखे हुए हैं

.....................

श्रीगंगानगर ज़िले के सीमावर्ती नग्गी गांव में 1971 के युद्ध की स्मृति में 'नग्गी डे' मनाया गयां इस अवसर पर सेना की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गयां शिविर में सेना चिकित्सकों ने ग्रामीणों की निःशुल्क जांच और उपचार कियां गांव में हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्रों और मद्रास रेजिमेंट के जवानों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कियें वहीं जवानों ने मलखम्ब खेल का प्रदर्शन, गढ़वाल राइफल्स ने खुखरी डांस, 21वीं सिख रेजिमेंट के जवानों ने गतका मार्शल आर्ट की प्रस्तुतियां दीं नग्गी डे पर 1971 के युद्ध में सहयोग करने

वाले ग्रामीणों के परिजनों को भी सम्मानित किया गयां उल्लेखनीय है कि यह दिवस 28 दिसंबर 1971 को नग्गी के प्रसिद्ध युद्ध में राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सेना के वीर सैनिकों की स्मृति में मनाया जाता हैं

000

सिरोही जिले के माउंट आबू में कल से शरद महोत्सव की शुरूआत होगीं तीन दिन चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगीं हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि महोत्सव को लेकर पर्यटकों के साथ–साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह का माहौल हैं

000

उत्तरी हवाओं और पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से प्रदेश में ठण्ड का असर बढ़ गया हैं आज राज्य में सबसे कम 2 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज हुआं करौली में 2 दशमलव 4, पाली में 3 दशमलव 6, दौसा में 3 दशमलव 9, बारां के अंता में 5 दशमलव 1, चूरू में 5 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गयां वहीं आज भीलवाड़ा में सुबह बादल छाये रहने से दिन के तापमान में थोड़ी बढोतरी हुईं मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल मौसम शुष्क रहेगां एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 31 दिसम्बर और एक जनवरी को राज्य के बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में हल्की बारिश होने के आसार हैं वहीं राज्य के उत्तरी और पश्चिमी भागों में जनवरी के पहले सप्ताह में घना कोहरा छाया रह सकता हैं घने कोहरे के कारण देश के कई हिस्सों में सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पडा हैं कोहरे के कारण कई रेलगाडियों की आवाजाही प्रभावित हो रही हैं रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे स्टेशन जाने से पहले ट्रेनों की मौजूदा स्थिति की जांच ज़रूर कर लें

0000

महिला क्रिकेट में भारत और श्रीलंका के बीच चौथा टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज खेला जाएगां मैच शाम 7 बजे केरल में तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होगां हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत 5 मैचों की श्रृंखला पहले ही 3–0 से जीत चुका हैं श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगां

000

सरसों अनुसंधान केंद्र की ओर से भरतपुर के नदबई में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गयां संगोष्ठी में जैविक खाद के उपयोग को लेकर किसानों को जागरूक किया गयां संगोष्ठी में नई दिल्ली भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह ने किसानों को बताया कि जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी की संरचना में सुधार, जल धारण क्षमता में बढोतरी, पोषक तत्व उपयोग दक्षता में इजाफा होता हैं

000